सम्पन्न होंगे उतना ही इन नयनों द्वारा बापदादा और पूरी रचना के स्थूल, सूक्ष्म, मूल तीनों लोकों के चित्र ऐसे स्पष्ट दिखाई देंगे, जैसे प्रोजेक्टर द्वारा स्पष्ट देखते हैं। अभी रूहानियत की शक्ति से सम्पन्न होने का समय है। अगर रूहानियत नहीं होगी तो भिन्न-भिन्न प्रकार की माया की रंगत में आ जायेंगे। अभी परीक्षाओं के पेपर देने के लिए तैयार हो जाओ अर्थात् रूहानियत की शक्ति से सम्पन्न बनो तब हर प्रकार के पेपर में पास हो सकेंगे। यह शरीर ईश्वरीय सर्विस के लिए अमानत के रूप में मिला हुआ है। जिसकी अमानत है उनकी स्मृति, अमानत को देखकर आती है। तो रूहानी बाप की यह अमानत है, अमानत समझने से रूहानियत रहेगी और रूहानियत से सदैव बुद्धि में राहत रहेगी, थकावट नहीं होगी। अमानत में ख्यानत करेंगे तो रूहानियत के बदले उलझन में आ जायेंगे, राहत के बजाए घबराहट में आ जायेंगे। सदा हर्षित रहना यह ज्ञान का गुण है। जो स्वयं हर्षित है वह कैसे भी मन वाले को हर्षित करेगा। लेकिन इसमें सिर्फ रूहानियत शब्द को एड करो। हर्षितपन का संस्कार भी एक वरदान है जो समय पर बहुत सहयोग देता है। सर्व कमजोरियों से मुक्ति की युक्ति है कि 'सदा स्नेही बनो' – जिसके स्नेही हैं, उस स्नेही के संग से रूहानियत का रंग सहज ही लग जायेगा।

जैसे वायुमण्डल में कोई चीज़ फैल जाती है तो सारे वायुमण्डल में काफी दूर तक उसका प्रभाव छाया होता है। इसी रीति से इतने सब सहज योगी वा श्रेष्ठ आत्मायें अपने वायुमण्डल को ऐसा रूहानी बना दो जो आसपास का वायुमण्डल रूहानियत के कारण आत्माओं को अपनी तरफ खैंच ले। वायुमण्डल का फाउन्डेशन वृत्ति है। तो वृत्तियों को जब तक रूहानियत की शक्ति से सम्पन्न पावरफुल नहीं बनाया है तब तक सर्विस में वृद्धि जो चाहते हो वह नहीं हो सकती। जैसे कोई भी आत्मा को पकड़ना होता है तो घेराव डालते हैं ताकि निकल नहीं सकें। ऐसे वृत्ति द्वारा रूहानियत का घेराव डालने से कोई भी आत्मा रूहानी आकर्षण से बाहर नहीं निकल सकती। अभी ऐसी सर्विस करो। कोई कैसी भी अथॉरिटी वाला आये वा कैसे भी मूड वाला आये लेकिन आपके गुणों की पर्सनैलिटी, रूहानियत की पर्सनैलिटी, सर्व-शक्तियों की पर्सनैलिटी के सामने झुक जायेंगे। अपना प्रभाव नहीं डाल सकेंगे। रूहानियत की शक्ति उन्हों के अन्दर की वृत्तियों को बदल देगी। जैसे फूलों में खुशबू समाई हुई होती है, अलग नहीं होती। ऐसे आप लोगों में रूहानियत की खुशबू समाई हुई हो। खुशबू ऐसी चीज़ होती है जो दूर वालों को भी आकर्षित करती है। दूर से ही सोचेंगे–यह खुशबू कहाँ से आ रही है। तो आपकी रूहानियत विश्व को आकर्षित करेगी। तो ज्ञानयुक्त रहम के साथ-साथ रूहानियत का रूहाब भी धारण करो। आजकल के समय प्रमाण रूहानियत के शक्ति की बहुत-बहुत आवश्यकता है। रूहानियत न होने के कारण ही यह सब लड़ाई झगड़े हैं। तो रूहानी गुलाब बन रूहानियत की खुशबू फैलाओ, यही ब्राह्मण जीवन का आक्यूपेशन है। अच्छा।

**वरदान:- अपनी शक्तिशाली स्थिति द्वारा दान और पुण्य करने वाले पूज्यनीय और गायन योग्य भव**

अन्तिम समय में जब कमजोर आत्मायें आप सम्पूर्ण आत्माओं द्वारा प्राप्ति का थोड़ा भी अनुभव करेंगी तो यही अन्तिम अनुभव के संस्कार लेकर आधाकल्प के लिए अपने घर में विश्रामी होंगी और फिर द्वापर में भक्त बन आपका पूजन और गायन करेंगी इसलिए अन्त की कमजोर आत्माओं के प्रति महादानी वरदानी बन अनुभव का दान और पुण्य करो। यह सेकण्ड का शक्तिशाली स्थिति द्वारा किया हुआ दान और पुण्य आधाकल्प के लिए पूज्यनीय और गायन योग्य बना देगा।

**स्लोगन:-** परिस्थितियों में घबराने के बजाए साक्षी हो जाओ तो विजयी बन जायेंगे।